कार्यालय, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0
संख्या–16 / 06 / ई–2 / 2025–26
प्रयागराजः दिनांक 26 नवम्बर, 2025

विज्ञप्ति

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग के विज्ञापन संख्या ए–5 / ई–1 / 2025 दिनांक 28–07–2025 के अन्तर्गत विज्ञापित **सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरुष / महिला शाखा) (प्रा0) परीक्षा–2025** से संबंधित 04 विषयों यथा– गणित, हिन्दी, विज्ञान एवं संस्कृत की परीक्षा निम्न तिथियों में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएंगी:–

क0 सं0	विषय	परीक्षा तिथि / सत्र	समय
1.	गणित	06 दिसम्बर, 2025 / प्रथम सत्र	पूर्वान्ह 09:00 बजे से पूर्वान्ह 11:00 बजे तक
2.	हिन्दी	06 दिसम्बर, 2025 / द्वितीय सत्र	अपराह्न 03:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक
3.	विज्ञान	07 दिसम्बर, 2025 / प्रथम सत्र	पूर्वान्ह 09:00 बजे से पूर्वान्ह 11:00 बजे तक
4.	संस्कृत	07 दिसम्बर, 2025 / द्वितीय सत्र	अपराह्न 03:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक

प्रश्नगत परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के **प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध हैं**। अभ्यर्थी अपने **ओ0टी0आर0 नम्बर** के द्वारा प्रवेश–पत्र तथा अनुदेश डाउनलोड कर, प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं समय पर दो फोटो एवं आई0डी0प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति लेकर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। **अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 01 घण्टा 30 मिनट पूर्व प्रवेश दिया जाएगा तथा परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 45 मिनट पहले प्रवेश बन्द कर दिया जाएगा।**

उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–8, सन् 2024) दिनांक 06 अगस्त, 2024 को प्रकाशित किया गया है। उक्त अधिनियम में प्राविधानित है कि "परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना या नकल कराना, प्रश्नपत्र का प्रतिरूपण करना या प्रकट करना या प्रकट करने का षड्यंत्र करना आदि कृत्य अपराध की श्रेणी में आते हैं, जो इस अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय हैं। ऐसे प्रकरणों में एक करोड़ तक का जुर्माना और आजीवन कारावास तक की सजा, दोनों ही हो सकती है।"

26/11/25

(हर्ष देव पाण्डेय)
परीक्षा नियंत्रक।